




# अंग









ऑलपिन का सिर होता, पर बाल न होता उसके एक
कुर्सी के दो बाहें हैं, पर गेंद नहीं सकती है फेंक।

कंघी के हैं दांत, मगर वह चबा नहीं सकती खाना
गला सुराही का पतला है, किन्तु गा नहीं सकती गाना।

होता है मुंह बड़ा घड़े का, पर वह बोल नहीं सकता,
चार पांव टेबिल के होते, पर वह डोल नहीं सकता।





● **अब तुम बताओ :-**


किसकी आंखें होती हैं पर वह देख नहीं सकता?

किसके पैर नहीं होते पर चलती है?

किसकी जीभ होती है, पर वह चख नहीं सकता?

किसके पंख होते हैं, पर वह उड़ नहीं सकती?

वह कौन है जिसका मुंह नहीं, पर बोलता है?



● ***जोड़ी मिलाओ और कारण बताओ***

| | |
|---|---|
| घड़ी | रंग |
| आरी | मोटर |
| पम्प | दाढ़ी |
| चित्र | कांटे |
| नारियल | दांत |

● *इन सवालों के जवाब लिखो -*

1. सुराही का गला कैसा है, वह गा क्यों नही सकती?

2. घड़ा ज़्यादा दुखी है या सुराही? क्यों?

3. अगर ऑलपिन के बाल होते तो क्या होता?

4. कंघी के दांत किस काम आते हैं?


**पैराग्राफ लिखो**

● क्या तुम इन चीज़ों के अंगों के बारे में सोचकर, इन पर भी दो लाइन की कविता लिख सकते हो–

सूई, आलू, मेज

जुलाई 2000 हस्ताक्षर शि.

प्रश्न–1. कौन सा वाक्य किस चित्र के लिए लिखा गया है लाइन खींचकर मिलाओ।




लक्ष्मी रोटी बना रही है।
लक्ष्मी चूल्हा जला रही है।

चूहा, मेढ़क रोटी खा रहे हैं।
चूहा, मेंढक रोटी बना रहे हैं।

चूहा, मेढ़क आपस में सलाह कर रहे हैं।
मगर आपस में सलाह कर रहे हैं।

प्रश्न–2. नीचे लिखा विवरण पढ़कर तालिका भरो।

एक लड़का था, जीवन वह अमरावती का रहने वाला था, और चौथी में पढ़ता था। वह नहाने का बड़ा शौकीन था। उसे जब भी कोई नदी दिखाई देती वह उसमें कूद पढ़ता और भीग जाता, कपड़े भी भीगा लेता इन्हीं सभी हरकतों के कारण उसकी माँ रमोती उसे डांटती थी। लेकिन पिता गमन उसे बहुत प्यार करते थे। और वह उसे ऐसे काम के लिए प्रोत्साहित करते थे। एक दिन पिताजी ने जीवन को पलंग पर सुलाया और वह खुद ज़मीन पर सो गये। सपने में जीवन ने नदी देखी और वह उस नदी में कूद पड़ा। नीचे पिताजी सो रहे थे। वह उनके उपर गिर पड़ा और हाथ पैर पटकने लगा। जीवन को लग रहा था कि वह नदी में तैर रहा है। इतने में उसके पिताजी जागे और जोर से एक चाँटा मारा तो जीवन भी जाग गया और उसका सपना टूट गया। जीवन जोर–जोर से रोने लगा।

| लड़के का नाम | कक्षा | पिता का नाम | माता का नाम | गाँव का नाम |
|---|---|---|---|---|
| ------------ | ------ | ------------ | ------------ | ------------ |

प्रश्न–3. पैराग्राफ पढ़कर सुनाओ। नीचे दिए गए सवालों के उत्तर लिखो।

जंगल में एक बरगद का पेड़ था। उस पर एक उल्लू रहता था। उल्लू अपनी समझदारी के लिए प्रसिद्ध था। चाहे कितनी ही मुश्किल समस्या क्यों न हो, उल्लू के पास हर समस्या का हल मिल जाता। एक खरगोश ने इस उल्लू से सलाह लेने का निश्चय किया।

वह उल्लू के पास पहुँचा और बोला, "उल्लू भैया, मुझे सब डरपोक कहते हैं। यह मुझे अच्छा नहीं लगता। मैं क्या करूँ?" उल्लू ने कहा "किसी से डरो मत।"

(क) बरगद का पेड़ कहाँ था ? (ग) डरपोक किसे कहते थे ?

(ख) उल्लू से सलाह लेने कौन गया ? (घ) उल्लू ने खरगोश को क्या सलाह दी ?

(ख) सही या गलत का चिह्न लगाओ।

(क) उल्लू अपनी समझदारी के लिए प्रसिद्ध था। ( )

(ख) उल्लू, खरगोश के पास सलाह लेने गया। ( )

(ग) सब लोग खरगोश को डरपोक कहते थे। ( )

प्रश्न–4. पैराग्राफ में से वो शब्द छांटकर लिखो जिनमें नीचे दी गई मात्राओं की गल्तियाँ हैं।

शिकारि जंगल में सैर कर रहा था कि उसने हंसों के एक झूण्ड को वहाँ उतरते देखा। वहाँ बहुत ही सुन्दर सूनहरे रंग के हंस थे। शिकारी को वे बहुत अच्छे लगे और उसने उन में से सबसे बड़े हंस को पकड़ लीया। वह हंसों का राजा था। पकड़े जानपे से वह बहुत डर गया था। उसने कहा, ओ शिकारी मूझे छोड दे। क्योंकी घर पर मेरे बच्चे और पत्नी हैं। यदि तूम मुझे कुछ हानि पहूँचाओगे तो वे दुःख के कारण मर जायेंगे। कृपा कर मुझे जाने दो। यदि तुम मुझे छोड़ दोगे तो मैं तुम्हारे बहुत काम आऊँगा।

| ि | ी | ु | ू |
|---|---|---|---|
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |

प्रश्न–5. नीचे लिखे शब्दों से नए वाक्य बनाकर लिखो।

प्रसिद्ध ______________________

सलाह ______________________

मुश्किल ______________________

डरपोक ______________________

प्रश्न–6. खाने वाली ऐसी वस्तुओं के नाम लिखो। जिनमें ये अक्षर या मात्रा नहीं आते हों।

| क | र | ा | ल | ा र |
|---|---|---|---|---|
| लड्डू | ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ | ______ |

सितंबर 2000 हस्ताक्षर शि.

प्रश्न–1 श्रुति लेख लिखो।

प्रश्न–2 नीचे दिए गए चित्र पर पैराग्राफ लिखो।



प्रश्न–3 पैराग्राफ पढ़कर उत्तर लिखो। (उत्तर पन्ने के पीछे लिखना)

बरगद के पेड़ पर चिड़िया और नेवला रहते थे। उसी बरगद पर एक साँप रहता था। एक बार चिड़िया ने अंडे दिये। कुछ दिन बाद अंडों में से छोटे–छोटे बच्चे निकले। एक दिन साँप अपने भोजन की तलाश में घूम रहा था। उसने देखा कि बरगद में चीं–चीं की आवाज़ आ रही है और एक कोटर से बच्चे अपना मुँह निकाल रहे हैं तो साँप जल्दी से कोटर में पहुँचा और बच्चों को खाने के लिए अपना मुँह बच्चों की तरफ बढ़ाया। कोटर में से नेवले ने साँप को देख लिया। चिड़िया के बच्चे अंदर हो गये। नेवले का मुँह साँप ने पकड लिया। इतने में नेवला बाहर आ गया। साँप और नेवला जमीन पर गिर पड़े। दोनों में बहुत लड़ाई हुई। चिड़िया के बच्चे दोनों की लड़ाई देख रहे थे। और मजा ले रहे थे। अंत में नेवले ने साँप को मार डाला।

1.. इस कहानी का नाम क्या होगा ? 2. चिड़िया कहाँ रहती थी ?

3. साँप चिड़िया के कोटर में क्यों पहुँचा? 4. कोटर में चिडिया के बच्चे के साथ कौन बैठा था

5. साँप और नेवले की लड़ाई में कौन जीता ? 6. कोटर का मतलब क्या होता है?

7. इन शब्दों के उल्टे अर्थ लिखो। देरी से कम आसमान

8. इन शब्दों के बहुवचन लिखो। चिड़िया लड़ाई

नवम्बर 2000 हस्ताक्षर शि.

प्रश्न–1. **गुरूजी कोई** भी कहानी सुनाएँ और बच्चे उसे सुनकर अपने शब्दों में लिखें।

प्रश्न–2. पैराग्राफ में से गलती ढूँढ़कर उसे सही कर लिखो।

एक दीन राजा जंगल में शीकार करने गया थे। रानि भी उसके साथ चली गई। थोड़ी देर बाद जंगल में एक सेर दिखा। शेर ने दहाड़ना शुरू किया तो रानी भाग गई।

| गलत | सही |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

प्रश्न–3. कोष्ठक के अंदर लिखे शब्दों का वाक्य में सही जगह उपयोग कर नया वाक्य बनाओ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| वाक्य | श्याम स्कूल जाता है। | (नहीं) | |
| | सोना स्कूल जायेगी। | (नहीं) | |
| | तुम्हारा दुःख मुझसे कम है? | (क्या) | |
| | मैं तुम्हें भूल सकता हूँ। | (क्या) | |
| | राजू गधा है। | (कौन) | |

प्रश्न 4. शब्दों के लिंग बदलकर लिखो।

राजा शेर

प्रश्न 5. नीचे लिखा पैराग्राफ को पढो। पैराग्राफ के लिए चित्र बनाओ।

बंदर को पानी में घूमने का शौक था। बंदर पेड़ से छलांग लगाकर मगर की पीठ पर जा बैठा। मगर पानी में तैरता हुआ आगे बढ़ा। पानी में बंदर को बहुत मजा आया। नदी के बीच में पहुँचकर मगर ने बंदर को पानी में डुबा दिया।

जनवरी 2001 हस्ताक्षर शि.

प्रश्न–1. चित्र पर कहानी लिखो।



______________________
______________________
______________________
______________________
______________________
______________________

प्रश्न–2. नीचे लिखे पाठों में मुख्य बातें क्या लगी लिखो।

| फुर्र–फुर्र | कछुआ उड़ा हवा में | क्या तुम मेरी अम्मा हो |
|---|---|---|
| ---------- | ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- | ---------- |

प्रश्न–3. पैराग्राफ को पढ़ो तथा जो वाक्य पैराग्राफ से संबंधित नहीं है उसे अलग निकालो।

आखिर एक दिन राजा ने बाहर जाने का निश्चय किया। सारथि बहुत प्रसन्न हुआ। उसने रथ में सबसे बढ़िया घोड़े जोते और वे बहुत दूर घूमते हुए चले गये। बंदर बस चलाते है। उन्होंने अनेक शहर और गांव पीछे छोड़ दिये लेकिन उन्हें कोई आश्रम नहीं मिला।

अ. अलग वाक्य ----------------------------

ब. इन शब्दों का क्या अर्थ है लिखो।

| शब्द | निश्चय | बढ़िया | सारथि | प्रसन्न |
|---|---|---|---|---|
| अर्थ | ______ | ______ | ______ | ______ |

प्रश्न–4. कविता को अपने शब्दों में लिखो।

ढूंढ के लाते कुत्ते चिड़िया ______________________
जिन्हें लगी हो चोट ______________________
मलहम पट्टी करते उनकी ______________________
चाचाजी हर रोज ______________________